तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 भूमि अधिग्रहण प्रतिकर को लेकर संशोधित आदेश




## खबर संक्षेप

### टॉप मेकअप आर्टिस्ट सरगुजा में पूनम ने हासिल की जीत



**बलरामपुर।** फैशन अफिनिटी द्वारा आयोजित टॉप मेकअप आर्टिस्ट कॉन्टेस्ट सीजन 13 के जिला स्तरीय ग्रैंड फिनाले में बलरामपुर की प्रतिभाशाली मेकअप कलाकार पूनम अधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया है। अम्बिकापुर के होटल में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूनम ने अपनी कलात्मक कुशलता, रंगों की समझ और तकनीकी निपुणता से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। इस जीत के साथ ही पूनम अधिकारी का चयन फैशन अफिनिटी के राज्य स्तरीय टॉप मेकअप आर्टिस्ट ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अप्रैल-मई 2026 में राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बलरामपुर जिले और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सहकारी समिति के संचालक मंडल की बैठक 3 को

**बलरामपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के संचालक मंडल की बैठक 3 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे समय-सीमा की बैठक पश्चात कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आहूत की गई है। कलेक्टर एवं जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अध्यक्ष राजेन्द्र कटारा ने सभी सदस्यों को निर्धारित समयावधि में उपस्थित होने को कहा है। उक्त बैठक में वर्ष 2023-24 व 2024-25 व वर्ष 2025-26 का लेखा अंकेक्षण सीए बैंक प्रवर्तित योजनाओ में बैंक शाखाओं को अनुदान राशि जारी किये जाने संबंध में अनुमोदन, सेटअप स्वीकृति किये जाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर अनुमोदन किया जाएगा।

### हत्या के बाद दफनाया गया था शव, हुई शिनाख्त

**बलरामपुर।** सेंदुर नदी में मिले व्यक्ति के शव की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक रायगढ़ जिले का रहने वाला था और उसकी कर शव को नदी में दफन किया गया था। इस लिए पुलिस अब मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बता दें कि 30 जनवरी की शाम कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम सतीसमर सेंदुर नदी में रेत के नीचे दबा हुआ एक शव ग्रामीणों ने देखा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शुकवार की सुबह शव को पीएम के लिए भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के लैलूंगा सलिया पारा निवासी 51 वर्षीय विश्वनाथ केरकेट्टा आ. स्व. लोहार साय केरकेट्टा के रूप में की गई है। मृतक की हत्या कर शव को दफन किया गया था इसलिए पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक दो युवकों की मौके पर मौत

**रामानुजनगर।** धान मंडी से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार जगतपुर में सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मदनपुर निवासी अंबे लाल आ. मनोरंजन लाल (35 वर्ष) व सुरेश कुमार आ. बाबू लाल (25 वर्ष) दोनों राम तीरथ धान मंडी में काम करते थे। हर रोज की भांति बीत रात धान मंडी से काम कर बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार जगतपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक सवार दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोट लगने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। एक साथ गांव के दो युवकों की मौत हो जाने से गांव में मातम पसर गया। आज दोनों मृत युवकों का अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस ट्रक से बाइक सवार टकराए वह ट्रक काफी दिनों से खराब हालत में सड़क किनारे खड़ा है।

### आम बजट पर हरिभूमि ने जाना भाजपा-कांग्रेस नेताओं की राय

# आमबजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल कांग्रेस बोली- केवल पूंजीपतियों को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को बजट पेश किया गया। केन्द्र की बजट को लेकर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किए। भाजपा ने केन्द्र के बजट को रोजगारपरख, विकासोन्मुखी तथा गरीबों के कल्याण का बजट बताया, तो वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने गरीबी बढ़ाने, आर्थिक विकास को धीमा करने तथा पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट बताया। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को लेकर कोरिया एवं एमसीबी जिले के राजनीतिक हलकों में तीखी और मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इसे लेकर हरिभूमि ने सभी लोगों की राय जानी।




### चहुंओर बहेगी विकास की गंगा



विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट आर्थिक विकास ओर विकसीत भारत के भविष्य के तैयारियों पर आधारित है। इसमें युवाओं, किसानों गरीबों के विकास को लेकर पारित किया गया है। केन्द्र का बजट किसानों से लेकर कर्मचारियों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया। बजट में टेक्स स्लेब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया। गरीब मध्यम वर्ग सभी के हितों का ध्यान रखा गया है।

### सभी के हितों वाला है बजट



नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि केन्द्र का प्रस्तुत बजट सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट है। देश के सर्वांगीण विकास वाला बजट है, इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। केन्द्र सरकार का बजट विकास को रफ्तार देने वाला बजट है, इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के कौशल, किसानों के हितों का ध्यान रखने के साथ महिलाओं के उत्थान वाला बजट बताया।

### सभी वर्गों का होगा कल्याण



भाजपा नेता अनिल साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट देश के भविष्य का बजट है। युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के कल्याण का बजट है, इसमें इन सभी वर्गो के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। इन्होने देश के सर्वांगीण विकास का बजट बताया। युवाओं, महिलाओं सहित सभी व वर्ग के विकास का बजट बताया।

### विकासोन्मुखी बजट है



भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विकासोन्मुखी बजट है। इसमें सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखकर बनाया गया है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के कौशल के साथ रोजगार बढ़ाने वाला बजट है। शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अच्छा प्रावधान है।

### मध्यम वर्ग को मिलेगी राहत



प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार ने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत की सोच साफ दिखाई देती है। मध्यम वर्ग को राहत, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निवेश तथा नगरीय विकास पर फोकस से शहरों का सर्वांगीण विकास होगा। इससे मनेन्द्रगढ़ के व्यापारिक केन्द्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

### देश को मिलेगा बड़ा लाभ





भाजपा पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल और सुरेश श्रीवास्तव पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बजट की बड़ी उपलब्धि बताया। भाजपा नेता रजनीश पाण्डेय ने कहा कि यह बजट राजनीतिक नहीं बल्कि राष्टीय हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिससे आने वाले वर्षों में देश को बड़ा लाभ मिलेगा

### विकासोन्मुखी बजट है



सभी वर्गों का रखा गया ख्याल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसानों और युवाओं को समर्पित है। इसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और नगरीय विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे शहरों और नगर पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा।

### संतुलित बजट है



नगर पंचायत अध्यक्ष रीमा रमेश यादव एवं वीरेन्द्र सिंह राणा ने बजट को संतुलित बताते हुए कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवंटन बढ़ाया जाना स्वागतयोग्य है, इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### क्षेत्र में विकास को मिलेगी रफ्तार



महापौर रामनरेश राय ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेल और शहरी सुविधाओं पर जोर मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्रों के विकास को गति देगा।

### अर्थव्यवस्था मजबूत होगी



पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव ने बजट को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है।

### विकसित भारत के निर्माण का बजट: रामसेवक

भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़, बैकुंठपुर में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट भाषण का लाईव प्रसारण मुख्य आतिथ्य वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के




अध्यक्षता में सुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, जिपं अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिपं उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नपा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपं अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, कृष्णावती यादव, राजेन्द्र चक्रधारी, मंजू जिवनानी, तीरथ राजवाड़े, जगनारयण साहू, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट 2026-27 बजट पीएम मोदी के नेतृत्व में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि भारत अब विकसित भारत की दिशा में विश्वास से भरे कदम आगे बढ़ा रहा है और यह यात्रा निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, मैनेजर राजवाड़े, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, दीपा विश्वकर्मा, सचिदानंद द्विवेदी, सत्यम साहू, रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, सुशीला साहू, मनोज साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

### देश के लिए बहुआयामी बजट: शारदा



भारत सरकार द्वारा देश के बहुआयामी विकास के लिए विस्तृत खाखा निर्मित करते हुए अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में सुदृढ़ता बनाए रखकर आर्थिक विकास में तेजी लाने और उसे बनाए रखने के लिए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उनकी क्षमताओं का विकास करने के लिए और सार्थक भागीदारी के साथ प्रत्येक परिवार, समुदाय, धर्म और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए नवीन बजट प्रस्तुत किया गया है। नए और जरूरी क्षेत्रों में उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी। पुराने पड़ चुके औद्योगिक क्षेत्र दोबारा जीवित होंगे।

### बजट सकारात्मक दिशा में



केन्द्रीय बजट को लेकर छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन एवं प्रदेश मंत्री संजिव ताम्रकार ने बजट का स्वागत करते हुए इसे व्यापार, उद्योग और मध्यम वर्ग के लिए सकारात्मक दिशा में उठाया गया मजबूत कदम बताया है। श्री जैन ने कहा कि केन्द्रीय बजट में एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप्स और लघु व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रेल, सड़क और लॉजिस्टिक्स पर बढ़े निवेश से व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन, टैक्स प्रणाली में सरलीकरण और उद्योग अनुकूल नीतियां व्यापारियों का भरोसा बढ़ाने वाली हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री बोले- मील का पत्थर साबित होगा बजट



केन्द्रीय बजट 2026 को चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लिए गए दूरदर्शी निर्णयों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। आयुष सेक्टर को सशक्त करते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए आयुर्वेद उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे। बजट में केयर इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राज्यों को सहयोग देकर देश में पांच रीजनल मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित करने की योजना प्रस्तावित की गई है। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अपग्रेड किया जाएगा तथा बायोफार्मा सेक्टर में 10 हजार करोड़ रूपए के निवेश का प्रावधान किया गया है। बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने पर भी विशेष जोर रहेगा, जिससे गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी और देश आत्मनिर्भर बनेगा। बजट में जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का निर्णय लिया गया है। सभी जिलों में आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेंटर खोले जाएंगे, इससे आम जनता को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। पशु-चिकित्सा क्षेत्र को भी बजट में नई मजबूती दी गई है। इस क्षेत्र में पेशेवरों की संख्या बढ़ाने और निजी क्षेत्र में पशु चिकित्सा को प्रोत्साहन देने के लिए पूंजी सब्सिडी सहायता योजना लाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बजट के तहत कैंसर की 17 दवाएं, शुगर की दवाएं, गंभीर रोगों की दवाइयां तथा 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती की गई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

### केन्द्रीय बजट से हर परिवार होगा लाभ- चंपा देवी

**मनेन्द्रगढ़।** संसद में प्रस्तुत किए गए केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने इस बजट को जनहितैषी, विकासोन्मुख और सर्वसमावेशी बजट बताया है। श्रीमती पावले ने कहा कि यह बजट देश के हर वर्ग किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। केन्द्र सरकार ने इस बजट के माध्यम से आर्थिक मजबूती, रोजगार सृजन और सामाजिक उत्थान को प्राथमिकता दी है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में विशेष प्रावधान, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की योजनाएं, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नई योजनाएं और आर्थिक सहायता शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में वृद्धि, सड़क, रेल और आवास सहित इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष जोर स्टार्टअप, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को प्रोत्साहन, मध्यम वर्ग को आयकर में राहत, गरीब एवं कमजोर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार होगा। इस बजट से हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके उपलब्ध होंगे। जिला अध्यक्ष श्रीमती पावले ने प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट एमसीबी जिले सहित पूरे देश के विकास को नई गति देगा और आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा।



## कांग्रेस की प्रतिक्रिया

### सभी वर्गों के साथ किया गया धोखा



केन्द्रीय बजट पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के साथ धोखा है। महंगाई और बेरोजगारी पर कोई राहत नहीं, मनरेगा और किसानों की अनदेखी की गई है। यह बजट आम जनता का नहीं, बल्कि चंद पूंजीपतियों का बजट है। कांग्रेस पार्टी इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।

### बजट निराशाजनक है



कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने केन्द्र के बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्र का यह बजट देश गरीब, किसानों, युवाओं के लिए निराशाजनक बजट है। यह बजट पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट है। आज प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कुछ नया नहीं है और न ही युवाओं महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। इन्होने विकास को बाधा पहुंचाने वाला बजट बताया।

### पूंजीपतियों को विकसित करने वाला बजट



सांसद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का बजट विकास को धीमा करने वाला पूंजीपतियों को विकसित करने वाला बजट है। गरीब किसानों का इस बजट में ध्यान नहीं रखा गया। बजट में बेरोजगारों के लिए निराशाजनक है। वहीं किसानों के हितों का भी ध्यान नहीं रखा गया और न ही देश के विकास को गति देने वाला भी नहीं है।

### उम्मीदों के विपरीत है बजट



पूर्व नपाध्यक्ष एवं कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि केन्द्र का बजट को लेकर जिस तरह की उम्मीद लोगों में थी वह उम्मीदों के विपरीत प्रस्तुत किया गया। गरीब, किसान युवाओं व महिलाओं के विकास के लिए बजट में कुछ भी खास नहीं है।

### कोई ठोस घोषणा नहीं



वहीं कांग्रेस की ओर से बजट की कड़ी आलोचना की गई। कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि बजट में आम आदमी को राहत देने के बजाए बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया गया है। महंगाई, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

### टैक्स से कोई राहत नहीं



युवा कांग्रेस नेता व्यंकटेश सिंह ने इसे युवाओं के साथ छल बताते हुए कहा कि बेरोजगारी पर बजट पूरी तरह मौन है, न ही सरकारी भर्तियों को लेकर कोई ठोस रोडमैप दिया गया है। कांग्रेस पार्षद कृतिका जैन ने कहा कि मध्यम वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत की उम्मीद थी, लेकिन बजट में उनकी अपेक्षाएं पूरी नहीं हुरइं।

### बजट में केवल आंकड़ों का खेल



नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति ने आरोप लगाया कि यह बजट आंकड़ों का खेल है, जमीन पर इसका लाभ आम जनता तक नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और सामाजिक असमानता पर सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है। कुल मिलाकर केन्द्रीय बजट को लेकर मनेन्द्रगढ़ में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच स्पष्ट मतभेद देखने को मिले हैं। जहां भाजपा इसे विकास और आत्मनिर्भरता का बजट बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे जनविरोधी और निराशाजनक करार दे रही है।

### दो पालियों में हुईं परीक्षाएं, 2380 परीक्षार्थी हुए शामिल

# समय पर नहीं पहुंचने वाले अभ्यर्थी परीक्षा से हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को छग व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियो में आयोजित की गई। प्रथम पाली में 9 केन्द्रों में कुल 2709 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 2380 शामिल हुए और 329 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी तरह द्वितीय पाली में 13 केन्द्रों में कुल पंजीकृत 3746 परीक्षार्थियों में 3335 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 411 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों ही पालियो में निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्रों नहीं पहुंचने वालों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिला, इसके कारण वे परीक्षा देने से वंचित रहे।



मिली जानकारी के अनुसार व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रथम पाली की परीक्षा 9 केन्द्रों में सुबह 9 बजे से निर्धारित थी। परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में कुल 420 में 363 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित, परीक्षा केन्द्र नवीन कन्या महाविद्यालय में कुल 360 में 328 उपस्थित और 32 अनुपस्थित, रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल में कुल पंजीकृत 420 में 368 उपस्थित तथा 52 अनुपस्थित, शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय में 420 में 368 उपस्थित व 52 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद स्कूल महलपारा में कुल 240 में ⏭ शेष पेज 4 पर

### 740 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

व्यापम द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा प्रथम व द्वितीय पाली में हुई। इसमें काफी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें कई तो समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित नहीं हुए देरी से पहुंचने के कारण उन्हें केन्द्रों में प्रवेश नहीं मिला , इस कारण परीक्षा से वंचित होना पड़ा। जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में 329 तथा द्वितीय पाली में 411 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# तीन स्वर्ण पदक जीतकर वेद बने गोल्डन ब्वाय



**चरचा कॉलरी।** संसाधनों की कमी को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने देने वाले सूरजपुर जिले के बलरामपुर गांव के होनहार तैराक वेद राम रजवाड़े ने वह कर दिखाया है, जो हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

नासिक महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल मास्टर गेम्स 2026 में वेद राम पिता होलसाय राजवाड़े ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ इतिहास रचा, बल्कि छग को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर गौरव दिलाया। देशभर के दिग्गज तैराकों के बीच वेद राम ने तैराकी की सबसे कठिन मानी जाने वाली फ्री स्टाइल स्पर्धा में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए 100 मीटर फ्री स्टाइल स्वर्ण पदक, जीता इसी प्रकार वेदराम ने 200 मीटर व 400 मीटर फ्री स्टाइल स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने वर्ल्ड मास्टर गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वेद राम की संघर्षगाथा किसी प्रेरणादायक कहानी से कम नहीं है। सूरजपुर का एकमात्र स्विमिंग पूल बंद होने के बाद जहां अधिकांश खिलाड़ी अभ्यास छोड़ देते हैं, वहीं वेदराम ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने गांव के तालाब और बलरामपुर कोल माइंस की पोखरी (गड्ढे) को ही अपना अभ्यास स्थल बना लिया। गंदा पानी, अनिश्चित गहराई और जोखिम भरे हालात इन सबके बीच की गई कड़ी मेहनत ने वेद राम को आज छग का गोल्डन बॉय बना दिया। वेद राम लटोरी में वेद प्रिंटिंग नाम से एक छोटी सी दुकान चलाते हैं। उल्लेखनीय है कि वेद राम राजवाड़े, चरचा थाना में ऑपरेटर के पद पर पदस्थ मधू प्रसाद राजवाड़े के भांजे हैं।

## खबर संक्षेप

### मंत्री राजेश अग्रवाल ने विभिन्न निर्माण कार्यो का किया भूमि पूजन



**लखनपुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 15 शिवपुर में एवं वार्ड क्रमांक 6 मस्जिद के पीछे ग्राऊंड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू द्वारा भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक कुल लागत 418.66 लाख का भूमिपूजन किया गया। जिसमें नाली निर्माण, सीसी रोड, बाऊडरी वाल, शेड निर्माण, सीढ़ी निर्माण, पीसीसी रोड निर्माण, सांस्कृतिक कक्ष निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, खेल निर्माण विकास कार्य, पुलिया निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट कार्य, तालाब विकास कार्य शामिल है। कार्यक्रम में दिनेश बारी, राजेश सोनवानी, समीम उद्दीन, उर्मिला खलखो, दिनेश साहू, गायत्री सचिन बसंल, राहुल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, शिवराज सिंह, सुरेश जायसवाल, मुरारी जायसवाल, महेश नायर, राम साहू, रामसागर साहू, नगर पंचायत के लखनपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का, सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ,रमेश ठाकुर,विनेश राम खलखो सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**डांड़गांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष सुरित राजवाड़े और ब्लॉक अध्यक्ष लखन राजवाड़े के नेतृत्व में छह सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम बन सिंह नेताम एवं बीईओ रवि कांत यादव को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार,उत्तर प्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने, न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने तथा 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित हैं उन्हें पदोन्नति हेतु दिये गए वन टाइम रिलैक्सेशन की तरह क्रमोन्नति के लिए 10 वर्ष की सेवा को एक बार के लिए शिथिल करते हुए 5 वर्ष में क्रमोन्नति का लाभ देने का प्रावधान करने सहित अन्य मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वंदना यादव, मदन गोपाल सिंह, ओमप्रकाश शाक्य, अजय गुप्ता, अभिषेक केरकेट्टा, प्रमेन्द्र सिंह, मयाराम धीवर, अनूप दास, रघुनंदन सिंह, प्रकाश सिंह, सुरजबली, चंद्रिका यादव, दयानंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने किया एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन



**भैयाथान।** धान खरीदी की समय-सीमा और टोकन व्यवस्था में खामियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंप किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर यह आंदोलन किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार की नीतियों से ग्रामीण व मजदूर वर्ग के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ज्ञापन में बताया गया कि धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तय होने के बावजूद कई सोसायटियों में पर्याप्त टोकन नहीं दिए गए। समय-सीमा नहीं बढ़ने की स्थिति में किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे और आर्थिक संकट और गहरा जाएगा। खाद की कमी और गिरदावरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे किसानों के लिए टोकन की कमी ने हालात और कठिन बना दिए हैं। भैयाथान ब्लॉक के क्षेत्र 6 में टोकन से वंचित किसानों की संख्या चिंताजनक है। शिवप्रसादनगर 154, बंजा 110, सिरसी 65, भैयाथान 170, केवर 162 और कुरीडीह 42 किसान सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन से धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह देव सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### कॉलरी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बिश्रामपुर। एसईसीएल आवासीय आरटीआई कालोनी निवासी एक कालरी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय आरटीआई कालोनी क्वार्टर नंबर 1044 निवासी 54 वर्षीय कालरीकर्मी मोहन राम पिता मनीराम शुक्रवार की रात में घर में भोजन कर रहा था।

## आसपास क्षेत्र के चिमनी और गमला भट्ठों में खपाया जा रहा अवैध कोयला, बाइक के माध्यम से की जा रही कोयला तस्करी

# गुमगरा कला और अमेरा घुनघुट्टा नदी किनारे अवैध गड्ढा खोदकर निकाला जा रहा कोयला

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर

इन दिनों क्षेत्र में एक बार भी कोल माफिया सक्रिय हो गए है। इधर पैसा कमाने के लालच में बड़ी संख्या में ग्रामीण गुमगरा कला और अमेरा घुनघुट्टा नदी किनारे अवैध गड्ढा कर धड़ल्ले से न सिर्फ कोयला निकाल रहे है बल्कि बाइक व चार पहिया के माध्यम से आसपास क्षेत्र स्थित चिमनी व गमला भट्ठों में खपाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि नदी किनारे लंबे समय से अवैध कोयला खनन व परिवहन किया जा रहा है बावजूद इसके आज तक कार्रवाई नही हो सकी। ऐसे में इस कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हो गए है।

जिले के लखनपुर क्षेत्र में इन दिनों खुलेआम कोयले का अवैध गड्ढा खोदकर कोयले का उत्खनन व परिवहन खेल शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि कोयला का उत्खनन लंबे समय से चल रहा है लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से कोयला तस्करों के हौसले इतने बुलंद है। कोल माफिया दिनदहाड़े घुनघुट्टा नदी किनारे अवैध गड्ढा खोदकर अंदर से कोयला निकालते है और मजदूरों के माध्यम से नदी के दूसरे छोर पर कोयला एकत्रित कर बाइक और चार पहिया के माध्यम से कोयला की तस्करी की जा रही है। यही नहीं इन कोयलों को ईट भट्ठों में परिवहन कर मोटी कमाई की जा रही है। कोयला तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने नहीं आते और ग्रामीणों को आगे कर लगातार कोयले का उत्खनन करवा रहे है। लखनपुर थाना क्षेत्र के गुमगरा, खालकछार में अवैध कोयला उत्खनन किया जा रहा है। लखनपुर क्षेत्र कोयले का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने के लिए हमेशा बदनाम रहा है। अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने एसईसीएल अमेरा और प्रशासन नाकाम नजर आ रही है। वहीं कोल माफिया इस कदर शातिर है कि घुनघुट्टा नदी किनारे गड्ढा खोदकर खदान संचालित कर रहे हैं। हर रोज बड़ी मात्रा में खुली खदान से कोयला चोरी की जाती है जिसे कई ईंट भट्ठों में भेजा जा रहा है। अमेरा खदान क्षेत्र से हर रोज कम से कम बीस से तीस टन कोयला निकल रहा है।





### दो दर्जन गांव में संचालित है गमला ईट भट्ठा

लखनपुर क्षेत्र के गुमगरा खाल कछार,अमेरा खदान अवैध कोयला उत्खनन क्षेत्र है। इसके पांच किलोमीटर क्षेत्रफल के दायरे में लगभग के पांच से छह चिमनी भट्ठा तथा दर्जनों गमला ईंट भट्ठा अवैध रूप संचालित की जा रही है जिसमें मुख्य रुप से सुरजपुर जिला से लगे नजदीकी ग्राम नेवारडाढ़, कनदरई, जमदई, गांधीनगर थाना अंतर्गत रनपुर कला, सुखरी, सपना, लखनपुर थाना क्षेत्र के गुमगरा कला, गणेशपुर, बिनकरा, कोरजा,कटकोना, दरिमा थाना क्षेत्र में जमगवां, कुसु, तुनगुरी, तुरना, सिंगीटाना, अम्लभिट्ठी सहित आसपास के दर्जनों गांव में अवैध गमला ईटा भट्ठा संचालित है। जहां बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खपाया जाता है।

### तस्कर उपलब्ध कराते है बाइक

कोयला तस्कर इतने शातिर है कि बड़े वाहन के पकड़े जाने पर अब दो पहिया वाहन से अवैध कोयला परिवहन कराते है। इसके लिए तस्कर किराए के बाइक ग्रामीणों को उपलब्ध कराते है। कोयला तस्करों द्वारा बाइकर्स गैंग की मदद से चोरी का कोयला खपाया जा रहा है। कोल माफियाओं द्वारा कोयला तस्करी करने का तरीका बदल दिया गया है। कोयला तस्करों द्वारा अवैध कोयला उत्खनन क्षेत्र के लगे सूरजपुर क्षेत्र के जमदई , कनदरई, रानपुर कला सपना सुखरी, लखनपुर, दरिमा क्षेत्रों में बाइक से अवैध कोयला की ढुलाई की जा रही है। हालांकि हाल ही में पुलिस ने कोयला तस्करी कर रहे सात बाइक सवारों को पकड़ा था। बावजूद इसके कोयला की चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### लगातार कार्रवाई की जा रही है

क्षेत्र से कोयला तस्करी को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कोयला तस्करी के मामले में हाल ही में सात बाइक सवारों को पकड़ा गया है। कोयला निकालने के लिए जो गड्ढा किया गया है उसे बंद कराया जाएगा।

संपत पोटाई,
थाना प्रभारी लखनपुर

# आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से ही साकार होंगे सपनेः मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

- सोच ऊंची होगी तो उड़ान भी ऊंची होगी – नितिन विजय
- कपिध्वज करियर गाइडेंस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को मिली नई दिशा

छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर, लक्ष्य निष्ठ और सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक और उल्लेखनीय पहल सामने आई है। महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर भटगांव स्थित स्टेडियम ग्राउंड में कपिध्वज करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 से 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता कर अपने भविष्य को दिशा देने का अवसर प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज का युवा ही देश और समाज के भविष्य का निर्माणकर्ता है। युवाओं के कंधों पर राष्ट्र



निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और सही निर्णय, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शिक्षा को सफलता की सबसे मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से कहा कि अपने मूल्यों, जीवनशैली और दीर्घकालीन उद्देश्यों को ध्यान में रखकर करियर का चयन करें और ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाएं। इस अवसर पर करियर मार्गदर्शक एवं कोटा स्थित मोशन कोचिंग सेंटर के संस्थापक एवं सीईओ नितिन विजय ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर चयन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और लक्ष्य आधारित अध्ययन पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सोच ऊंची रखो, उड़ान भी ऊंची होगी। कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने करियर चयन से पहले अपनी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व को समझने, गलतियों से सीखने और आत्मचिंतन को जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र बताया। इस दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, राम कृपाल साहू, श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, श्रीमती रजनी त्रिपाठी, भीमसेन अग्रवाल, राजेश महलवाला, ठाकुर राजवाड़े, श्रीमती नूतन विश्वास, अनुज राजवाड़े, अशोक राजवाड़े, श्रीमती रेखा राजवाड़े, रमेश गुप्ता,जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले, एसडीएम श्रीमती चाँदनी कंवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सवार ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर,मकान को भी किया क्षतिग्रस्त

- गंभीर रूप से घायल हुए युवक के पैर को ऑपरेशन कर अलग करना पड़ा

**बिश्रामपुर।** एन एच 43 में बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक का पैर बुरी तरह से जख़्मी हो गया जिसमें डॉक्टरों को इलाज के दौरान ऑपरेशन कर दाहिने पैर को काटना पड़ा, दरअसल जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेलईकछार केनापारा में तेज रफ्तार हुंडई कार ने एक मकान, दो बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही एक युवक की जिंदगी हमेशा के लिए बदहाल हो गई,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात हुंडई कार क्रमांक सीजी 29 एडी 3785 का चालक तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए केनापारा पहुंचा,इसी दौरान ग्राम पचिरा निवासी राजेंद्र यादव पिता रघुनंदन यादव अपनी बाइक सीजी 15 डीएक्स 9099 से अंबिकापुर से घर लौट रहे थे,अचानक अनियंत्रित कार ने राजेंद्र यादव की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, इसके बाद भी कार रुकी नहीं,बल्कि आगे बढ़ते हुए वहीं



खड़ी जयप्रकाश साहू की बाइक को अपने चपेट में लेते हुए उसके मकान से टकराकर कुछ दूरी तक घिसटती चली गई,हादसे में बाइक सवार राजेंद्र यादव को दाहिने पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई,स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया,चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए ऑपरेशन किया,लेकिन दाहिने पैर में अत्यधिक क्षति होने के कारणडॉक्टरों को उसे काटकर अलग करना पड़ा,बताया जा रहा है कि राजेंद्र यादव अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था,वह एक गुटखा कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था और रोजी-रोटी के लिए अंबिकापुर व आसपास इलाके में आना-जाना करता था,इस हादसे ने न सिर्फ एक युवक की शारीरिक क्षमता छीन ली,बल्कि उसके पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है,हादसे में कार सवार ग्राम हर्राटिकरा निवासी सुशील कुमार और सुंदर को भी चोटें आई हैं,घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई,ग्रामीणों में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर भारी आक्रोश देखा गया,लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन तेज गति से वाहन दौड़ते हैं, लेकिन नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। मामले में जयनगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मनाई गई मां काली मंदिर की 26 वां स्थापना दिवस



**करवां।** एसईसीएल कुमदा सह क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर खदान परिसर में स्थित मां काली मंदिर 26वीं स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई। मंदिर के पुजारी दीनानाथ तिवारी ने बताया कि 26 वर्ष पूर्व आज ही के दिन माघ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को खदान परिसर में महाकाली की प्रतिमा की विधिवत स्थापना कर पूजा-अर्चना की शुरुआत की गई थी। तब से लेकर आज तक खदान परिसर में यह परंपरा निर्वहन की जा रही है कि प्रत्येक कार्यदिवस की शुरुआत प्रातःकाल मां महाकाली की पूजा-अर्चना के पश्चात ही की जाती है, जिससे कार्यस्थल पर सुरक्षा, सफलता और सुरक्षा की मंगल कामना की जाती है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः काल विशेष पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन-यज्ञ तथा भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां काली की विधिवत आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और, शांति हेतु कामना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रबंधन की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## मतदाता सूची से नाम काटने के फर्जी आवेदन पर बवाल, अपराध दर्ज करने की मांग



**रामानुजनगर।** जिले के विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर अंतर्गत पोलिंग बूथ क्रमांक 201, ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में अल्पसंख्यक वर्ग के 32 मतदाताओं के नाम वर्तमान मतदाता सूची से हटाने के लिए फर्जी आवेदन दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत इन मतदाताओं को अन्यत्र स्थानांतरित अथवा मृत बताकर आक्षेप प्रारूप-07 में आवेदन प्रस्तुत किए गए। मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर के प्रभावित अल्पसंख्यक मतदाताओं ने थाना रामानुजनगर में फर्जी आवेदनकर्ताओं के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही अपराध दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया एक ही स्थान अथवा कार्यालय में योजनाबद्ध तरीके से की गई। आक्षेप प्रारूप-07 में भरे गए विवरण कंप्यूटर से टाइप किए गए हैं, जबकि सभी आवेदकों के नाम, हस्तलेख और हस्ताक्षर एक ही व्यक्ति के प्रतीत हो रहे हैं। फर्जी तरीके से जिन मतदाताओं के नाम विलोपित करने के लिए आवेदन किए गए हैं।

## सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को दी गई विदाई



राजपुर। राजपुर विकासखंड कार्यालय में शुक्रवार को माध्यमिक शाला धंधापुर के प्रधान पाठक गुप्तेश्वर तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद गुप्ता द्वारा श्री तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया गया। समारोह के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद गुप्ता ने श्री तिवारी के शैक्षणिक सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया है।

## मनरेगा संशोधन के विरोध में रायपुर में युवा महापंचायत



**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार शनिवार को सरगुजा युवा कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष विकल झा, प्रदेश महासचिव विष्णु सिंह देव, आरटीआई चेयर मैन हिमांशु जायसवाल ने संयुक्त रूप से मनरेगा में किए गए संशोधनों का कड़ा विरोध व्यक्त किया और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी बिल लागू किया गया है यह महज नाम बदलना नहीं, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

मूल मनरेगा में 100 दिनों की रोजगार गारंटी कानूनी अधिकार थी जो मांग-आधारित थी। वीबी- जी राम जी बिल में गारंटी 125 दिनों तक बढ़ाई गई है, लेकिन यह अब पूर्णतः मांग-आधारित नहीं रह गई, काम केवल अधिसूचित क्षेत्रों तक सीमित, ठेकेदारों की भूमिका बढ़ी, सामाजिक ऑडिट कमजोर, न्यूनतम मजदूरी की गारंटी प्रभावित, और वित्तीय बोझ राज्यों पर अधिक डाला गया है। महात्मा गांधी के नाम को हटाकर ग्रामीण भारत के प्रतीक को कमजोर करने की कोशिश है, जो गांधीजी के ग्राम स्वराज के सपने पर प्रहार है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में लाखों ग्रामीण परिवार मनरेगा पर निर्भर हैं। इस बदलाव से समय पर मजदूरी, पारदर्शिता और पंचायतों की स्वायत्तता खतरे में पड़ गई है। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। इसी क्रम में 12 फरवरी को रायपुर में युवा महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से हजारों युवा शामिल होंगे। 40 वर्ष से कम आयु के युवा नेता, चुनाव लड़ चुके युवा एवं निर्दलीय उम्मीदवार भी भाग लेंगे। हम ग्रामीण मजदूरों की आवाज बुलंद करेंगे और वीबी-जी राम जी अधिनियम को वापस लेने की मांग करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस ने जिला स्तर पर एनओबी फॉर्म लॉन्च किया। इस दौरान आलोक सिंह, लोकेश पासवान, रजनीश सिंह, अवनेंद्र सिंह, संजर नवाज सहित अन्य मौजूद थे।

## धान खरीदी नहीं होने से किसान परेशान, कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** कामेश्वर नगर सहकारी समिति अंतर्गत आने वाले 126 किसानों द्वारा धान की बिक्री अब तक नहीं हो पाने को लेकर किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। धान खरीदी नहीं हो पाने से परेशान किसानों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को जिला पंचायत सदस्य साधना संतोष यादव के माध्यम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की घोषणा की गई थी। साथ ही यह आश्वासन दिया गया था कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा। लेकिन सहकारी समिति कामेश्वर नगर अंतर्गत आने वाले 126 किसान अब तक अपनी धान की बिक्री नहीं कर पाए हैं। किसानों का कहना है कि वे कई बार समिति एवं संबंधित



अधिकारियों से संपर्क किए लेकिन न तो कोई ठोस समाधान मिला और न ही धान खरीदी की कोई निश्चित तिथि बताई गई। धान खुले में रखे होने के कारण खराब होने का खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर किसानों पर कर्ज, पारिवारिक खर्च, बच्चों की शिक्षा तथा खाद-बीज और कृषि ऋण का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में धान की खरीदी नहीं हुई तो किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

## छेरता मिलन समारोह में युवाओं को अनुशासित करने का दिया गया सुझाव

अंबिकापुर। उरांव समाज के ग्राम इकाई अतखा पड़हा लोधिमा में क्षेत्रीय पारंपरिक पर्व छेरता संपन्न होने के पश्चात सामाजिक सद्भाव और मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से छेरता मिलन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैगा द्वारा धूप दीप हवन पूजन करने पश्चात सामाजिक अना आदि प्रार्थना और भजन करके की गई। इस अवसर पर उरांव समाज जिला इकाई मूली पड़हा देवान उमेश कुमार भगत द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए उनके जीवन के विभिन्न चरणों को उम्र के हिसाब से अनुशासित करने का सुझाव दिया और कहा कि सभी युवा अपनी शिक्षा दीक्षा जल्दी पूरी कर 28 की उम्र तक



या तो नौकरी प्राप्त करें या फिर कोई भी रोजगार धंधा प्रारंभ करके आर्थिक आजादी प्राप्त कर ले। 30 वर्ष के अंदर विवाह का लक्ष्य रखें ताकि 30 वर्ष की आयु में बच्चों का सपना पूरा करके उनके बेहतर लालन-पालन शिक्षा दीक्षा पश्चात विवाह जैसी अपनी जिम्मेदारी का वहन कर सके। युवाओं में मद्यपान का अति सेवन भी विवाह में बाधक तत्व है जिस पर अभिभावकों को अंकुश लगाने के लिए कहा गया।



# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

**लॉस एंजेलिस।** रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

**लॉस एंजेलिस।** मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपनास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

**मुंबई।** एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रिसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढ़क रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

**मुंबई।** बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। दस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूं, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***आज से शुरू हो रहा शो :*** रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

## शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।



# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।



***सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को :*** धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल ,2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

**मुंबई।** सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



***'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा :*** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग :** सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रैंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।


## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई

# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है। दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34 मिनट) से 9 मिनट कम है।



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।

## खबर संक्षेप

### माइंस में कॉपर वायर चोरी मामले का खुलासा

पटना/कटकोना। जिले के पटना थाना क्षेत्र में बीते 12-13 जनवरी की मध्य रात्रि लगभग 1 से 2 बजे के बीच खदान से कोयला सेटिंग कटोरा तक लगी 330 बोल्ट डबल अमाउंट कॉपर केबल वायर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया। चोरी की गई केबल की लंबाई लगभग 100 मीटर बताई जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रूपए बताई गई। घटना के बाद मामला थाना पटना में दर्ज किया गया, जहां पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर इस चोरी की पूरी साजिश का पदार्फाश हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम बरदिया निवासी धर्मेन्द्र उर्फ गोलू राजवाड़े, देवेन्द्र कुमार उर्फ दहुआ, कुमार पदम, प्रकाश प्रजापति, धनेश्वर, गोविंद कुमार, राहुल सिंह, राजकुमार उर्फ छोटू खरवार सहित अन्य लोग पनिका एवं बाबा बसर सभी ने एक राय होकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पहले गोगरी नाला के पास पावर सप्लाई बंद की, ताकि किसी को शक न हो और उसके बाद खदान क्षेत्र में लगी कॉपर केबल को कटर से काटकर चोरी कर लिया। पुलिस का कहना है कि सभी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मां ने दिखाई हैवानियत झाड़ियों में फेंक दिया नवजात को

भैयाथान। मां ममता की मूरत होती है और बच्चों के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। बच्चों की जान पर बन आए तो मां उसकी सुरक्षा के लिए अपनी जान देने तक तैयार हो जाती है। लेकिन इसके ठीक विपरीत एक मां ने उस समय हैवानियत की सारी हदे पार कर दी जब नवजात को मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दी। लेकिन कहावत है कि जाको राखे साइयां मार सके न कोई। यह कहावत उस समय सही साबित हुई जब मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर झाड़ियों में बिलख रही नवजात पर पड़ी। नवजात को तत्काल अस्पताल लाया गया जहां व चिकित्सकों की निगरानी में सुरक्षित है।



## निधन

### भगवान दास गुप्ता



**मनेन्द्रगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं विभिन्न समाचार पत्रों के एजेंट भगवान दास गुप्ता का रविवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। स्व. गुप्ता के निधन से नगर में शोक की लहर है। स्व. गुप्ता का अंतिम संस्कार सोमवार को प्रातः 10 बजे आमाखेरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा काली मंदिर रोड स्थित उनके निवास से प्रारंभ होगी। स्व.भगवान दास गुप्ता, उमेश गुप्ता के पिता एवं पत्रकार सतीश गुप्ता के चाचा थे। वे सरल, मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और समाज में उनकी अच्छी प्रतिष्ठा थी।

### नवल किशोर सिन्हा



**बैकुण्ठपुर।** पीएचई विभाग से सेवानिवृत्त स्थानीय सांस्कृतिक भवन के पीछे निवासरत नवल किशोर सिन्हा का आकस्मिक निधन 31 जनवरी को हो गया। स्व. सिन्हा का अंतिम संस्कार 1 फरवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व. सिन्हा जिला पंचायत कोरिया में कार्यरत मुकुल सिन्हा के पिता थे।

## टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों में उत्साह

# 50 वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूनार्मेंट कल से

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



चरचा कॉलरी क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में यादगार अंदाज में महाजन स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पिछले 5 दशकों से भारतीय फुटबॉल को नई दिशा देने केसाथ-साथ देशभर की उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करती आ रही है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरुण जायसवाल, सहक्षेत्र प्रबंधक चरचा माइंस आरओ संजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतियोगिता का आयोजन संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में छग, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, राजस्थान, तमिलनाडु, दिल्ली, मणिपुर, गोवा, बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों की कुल 16 आमंत्रित और नामचीन टीमें भाग लेंगी। इनमें हीरोज क्लब वाराणसी, चेन्नई कस्टम, दिल्ली पुलिस, केरल पुलिस, आरटी बॉयज हैदराबाद सहित कई प्रतिष्ठित क्लब शामिल हैं। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाएं भी अपने कौशल, रणनीति और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगी।

स्वर्ण जयंती वर्ष को देखते हुए आयोजन को पहले से कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और यादगार बनाने की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति एवं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मैदान की साज-सज्जा, खिलाड़ियों के ठहरने व भोजन की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा दर्शकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। शेषन स्मृति गोल्ड कप केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह खेल संस्कृति, अनुशासन, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का सशक्त प्रतीक बन चुका है। इस टूर्नामेंट से अब तक कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। स्वर्ण जयंती संस्करण स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों, युवाओं और फुटबॉल समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह सचिव तपेश्वर प्रसाद, प्रवीन डेहरिया, कोषाध्यक्ष महेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भूमि अधिग्रहण प्रतिकर को लेकर संशोधित आदेश

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



चिरमिरी-नागपुर रोड हाल्ट रेल परियोजना से प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। खैरबना गांव की अधिग्रहित भूमि के प्रतिकर निर्धारण में सामने आई तकनीकी त्रुटि को स्वीकार करते हुए प्रशासन ने संशोधित प्रतिकर आदेश (शुद्धिपत्र) जारी कर दिया है। इस संशोधन के बाद प्रतिकर राशि में बड़ा इजाफा हुआ है।

प्रशासन द्वारा पहले जारी किए गए आदेश में खैरबना ग्राम की कुल 38 खसरों की 8.020 हेक्टेयर भूमि के लिए प्रतिकर राशि 2 करोड़ 37 लाख 4 हजार 135 रूपए निर्धारित की गई थी। हालांकि दावा-आपत्ति की प्रक्रिया और 100 प्रतिशत सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रतिकर गणना में ब्याज एवं सोलैशियम की राशि को कॉलम में स्पष्ट रूप से नहीं जोड़ा गया था। इस तकनीकी खामी को दुरुस्त करने के बाद अब संशोधित गणना के अनुसार कुल देय प्रतिकर राशि बढ़कर 4 करोड़ 66 लाख 87 हजार 418 रुपये हो गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अंतर किसी नई नीति या अतिरिक्त लाभ के कारण नहीं, बल्कि गणना में हुई तकनीकी त्रुटि के सुधार के चलते उत्पन्न हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को हुई सुनवाई में यह चूक सामने आई, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से शुद्धिपत्र जारी किया गया। इसमें ब्याज और सोलैशियम की राशि को विधिवत शामिल कर अंतिम प्रतिकर तय किया गया है। प्रशासन का कहना है कि शुद्धिपत्र का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और भू-स्वामियों को किसी भी प्रकार के भ्रम से बचाना है। रेल परियोजना के तहत चिरमिरी से नागपुर तक प्रस्तावित लगभग 17 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए यह भूमि अधिग्रहण किया गया है। इस परियोजना को क्षेत्र के विकास, आवागमन की सुविधा और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# तलवापारा में निःशुल्क योग शिविर



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, संचालनालय आयुष तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम जूनापारा के मोहल्ला तलवापारा में 1 फरवरी को निःशुल्क 5 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। योग शिविर के पहले ही दिन बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी सहभागिता देखने को मिली। सुबह की ताजगी भरी वातावरण में प्रशिक्षित योग शिक्षक कृष्णा राजवाड़े एवं उनकी टीम द्वारा योगासन, प्राणायाम एवं सरल ध्यान अभ्यास कराए गए।

जिससे प्रतिभागियों ने मानसिक शांति एवं शारीरिक स्फूर्ति का अनुभव किया। यह शिविर 1 से 5 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं लोगों को निरोगी, संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला आयुष अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि योग न केवल रोगों से बचाव का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन का आधार भी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

# वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



ऑक्सफोर्ड पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 31 जनवरी को सत्र 2025-26 के अंतर्गत चतुर्थ वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, अनुशासन एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ किया गया। इस अवसर को विद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में रजत जयंती समारोह के रूप में भी मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेशाय नमः के मंगलाचरण से हुआ, इसके पश्चात विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने की। अति विशिष्ट अतिथियों में योगेश शुक्ला, वेदांति तिवारी, प्रदीप गुप्ता एवं देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे। वहीं अतिथि सम्मान के रूप में नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनी यादव, भूपेन्द्र यादव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत लकड़ा, अशोक जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, केजी-1 व केजी-2 का मिक्स सांग, सीजी फ्यूजन, राजस्थानी, दक्षिण भारतीय, बंगाली व देशभक्ति फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत किए गए। सामाजिक संदेशों पर आधारित बाल श्रम एवं सोशल मीडिया जागरूकता नाटक, बागबान ड्रामा, देवी काली की शक्ति, शिव अघोरी तांडव, पिरामिड कंस्ट्रक्शन, बॉलीवुड फ्यूजन एवं फैशन शो ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति का विकास अत्यंत आवश्यक है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का आत्मविश्वास उनके उज्जवल भविष्य का संकेत है। विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# एआई युग में भी मानसिक गणना के मिसाल बने अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज. रामानुजगंज



आज के एआई और मोबाइल के युग में जहां आमजन साधारण जोड़-घटाव के लिए भी कैलकुलेटर और मोबाइल पर निर्भर हो चुके हैं, वहीं नगर के 72 वर्षीय वरिष्ठ व्यापारी कन्हैयालाल अग्रवाल आज भी बिना किसी तकनीकी सहायता के लंबा से लंबा हिसाब पलक झपकते ही कर लेते हैं। उनकी यह अद्भुत क्षमता न केवल लोगों को आश्चर्यचकित करती है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गई है।

कन्हैयालाल अग्रवाल वर्षों से व्यापार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने व्यापारिक जीवन की शुरुआत ऐसे समय में की थी जब न तो कैलकुलेटर आसानी से उपलब्ध थे और न ही डिजिटल साधन। उस दौर में हिसाब-किताब पूरी तरह दिमाग से किया जाता था। यही अभ्यास धीरे-धीरे उनकी आदत और फिर उनकी विशेष पहचान बन गया। उन्होंने बताया कि शुरू से ही जोड़-घटाव, गुणा-भाग मानसिक रूप से करने का अभ्यास किया और कभी कैलकुलेटर पर निर्भर नहीं रहे। आज भी वे बिना किसी मशीन की मदद के बड़ी रकम का हिसाब तुरंत लगा लेते हैं। कन्हैयालाल अग्रवाल का मानना है कि मानसिक गणना न केवल दिमाग को तेज रखती है, बल्कि स्मरण शक्ति और एकाग्रता को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन उस पर पूरी तरह निर्भर होना ठीक नहीं। यदि दिमाग का उपयोग बंद कर दिया जाए, तो उसकी क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है। नगर वासियों का कहना है कि कन्हैयालाल अग्रवाल केवल एक व्यापारी ही नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मनिर्भरता के प्रतीक हैं। उनकी यह कला आज के डिजिटल दौर में यह संदेश देती है कि तकनीकी सहायक हो सकती है, विकल्प नहीं।

# बिजली विभाग ने नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को किया सम्मानित



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा,समारोह के मुख्य अतिथि दितेश राय थे,अन्य अतिथियों में नैन साय सरपंच अजबनगर, दाउत एक्का सरपंच आमगांव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतीक बारा सहायक अभियंता उपसंभाग बिश्रामपुर द्वारा की गई,मुख्य अतिथि दितेश राय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र ने क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,उन्होंने 25 वर्षों में तकनीकी उन्नयन,उपभोक्ता सेवाओं में सुधार तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र किए गए कार्य एवं क्रियान्वित कार्यों में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संगठन की उपलब्धियों, चुनौतियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया,छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र के उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के हितग्राहियों एवं 2 वर्ष से निरंतर बिजली बिल भुगतान करने वाले एकल बत्ती,घरेलू तथा गैर घरेलू उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया,इस दौरान कनिष्ठ अभियंता सिलफिली अजय तिवारी,सहायक लाइनमैन महेंद्र सोनवानी एवं सहायक विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झारखंड का नशीले इंजेक्शन का सप्लायर अपने जीजा के साथ गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने झारखंड के सप्लायर के साथ उसके जीजा को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से 6 लाख कीमत की 1200 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी जीजा-साला को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बतौली क्षेत्र में शुक्रवार की शाम गश्त करने जा रहे संभागीय आबकारी उडन दस्ता की टीम जैसे ही बेलकोटा बस स्टॉप के समीप पहुंची तभी दो व्यक्ति को बोरियों के साथ संदिग्ध हालत में देखा। शंका के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने अपनी वाहन को रूकवाया तो दोनों घबरा गए। टीम ने जब पूछताछ किया तो एक व्यक्ति ने अपना नाम अनूप गुप्ता निवासी गोदरमाना जिला गढ़वा झारखंड का होना बताया तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम विनय गुप्ता निवासी पाटोली निवासी बताया। टीम ने दोनों के पास रखें बोरे की तलाशी तो उनके होश उड़ गए। बोरी में 6 लाख कीमत के 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन मिला। संभागीय आबकारी टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आज टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि गोदरमाना झारखंड निवासी अनूप गुप्ता का नाम एक दो बार नशीला इंजेक्शन सप्लायर के रूप में सामने आया था परंतु कभी पकड़ में नहीं आ रहा था। आज पकड़ में आया। आरोपी अनूप गुप्ता सरगुजा संभाग में इंजेक्शन का सप्लाई करता था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समय पर नहीं...

208 उपस्थित व 32 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद स्कूल बैकुंठपुर में कुल 240 में 203 उपस्थित व 37 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद स्कूल खरवत में कुल 180 में 158 उपस्थित व 22 अनुपस्थित, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में कुल 360 में 325 उपस्थित व 35 अनुपस्थित रहे, वहीं परीक्षा केन्द्र डाईट सलका में कुल 69 में 59 उपस्थित तथा 10 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में कुल 13 परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 3 बजे से परीक्षा शुरू हुई, इसमें 3746 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 3335 ने परीक्षा दी और 411 अनुपस्थित रहे।

**शिक्षक भी काफी संख्या में हुए शामिल-** व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा में काफी संख्या में सरकारी शिक्षक भी शामिल हुए। उक्त परीक्षा में कोरिया जिले के साथ एमसीबी जिले के सरकारी शिक्षकों के साथ-साथ अन्य परीक्षार्थी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि न्यायालय द्वारा प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा दो वर्ष में उत्तीर्ण करने के आदेश दिए, इसके चलते काफी संख्या में सरकारी शिक्षक भी शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए।

# जनकपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आमसभा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जनकपुर के तत्वावधान में पूर्व विधायक गुलाब कमरो के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों के साथ किए जा रहे अन्याय के विरोध में एक विशाल रैली एवं आमसभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई तथा किसानों-मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद की गई। मनरेगा बचाओ संग्राम में विशेष रूप से सांसद प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण मनेन्द्रगढ़ रामनरेश पटेल, पीसीसी सदस्य प्रभात सिंह, जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस अवधेश प्रताप सिंह, अमोल सिंह मरावी, जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस उपेन्द्र द्विवेदी, अवधेश प्रताप सिंह,नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विनीत सिंह कुंवारपुर, देवेन्द्र सिंह बहरासी, लालसाय बैगा देवगढ़, संजीव गुप्ता जनकपुर,कंशलाल कोटाडोल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश मानिकपुरी सहित कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन शामिल रहे।

